अमर उजाला | 10/03/2025

# जीएमएन कॉलेज में मनाई होली



**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में होली मनाई। इस दौरान कॉलेज परिसर में स्टाफ के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और फूलों की होली खेलकर इस त्योहार को यादगार बनाया। इसके बाद सभी ने होली के रंग में सराबोर होकर धूमधाम से इस त्योहार को मनाया। इसके साथ ही परिसर में शिक्षकों के लिए खेल आयोजित किए गए। रंगों के इस उत्सव में चारों ओर खुशियों का माहौल बना रहा। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी स्टाफ सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दीं। संवाद